**Cambridge Assessment International Education**
Cambridge International Advanced Subsidiary Level

**HINDI LITERATURE** **8675/04**

Paper 4 Texts **October/November 2019**

MARK SCHEME

Maximum Mark: 75

**Published**

This mark scheme is published as an aid to teachers and candidates, to indicate the requirements of the examination. It shows the basis on which Examiners were instructed to award marks. It does not indicate the details of the discussions that took place at an Examiners' meeting before marking began, which would have considered the acceptability of alternative answers.

Mark schemes should be read in conjunction with the question paper and the Principal Examiner Report for Teachers.

Cambridge International will not enter into discussions about these mark schemes.

Cambridge International is publishing the mark schemes for the October/November 2019 series for most Cambridge IGCSE™, Cambridge International A and AS Level components and some Cambridge O Level components.



© UCLES 2019



https://xtremepape.rs/

## Generic Marking Principles

These general marking principles must be applied by all examiners when marking candidate answers. They should be applied alongside the specific content of the mark scheme or generic level descriptors for a question. Each question paper and mark scheme will also comply with these marking principles.

GENERIC MARKING PRINCIPLE 1:

Marks must be awarded in line with:

- the specific content of the mark scheme or the generic level descriptors for the question
- the specific skills defined in the mark scheme or in the generic level descriptors for the question
- the standard of response required by a candidate as exemplified by the standardisation scripts.

GENERIC MARKING PRINCIPLE 2:

Marks awarded are always **whole marks** (not half marks, or other fractions).

GENERIC MARKING PRINCIPLE 3:

Marks must be awarded **positively**:

- marks are awarded for correct/valid answers, as defined in the mark scheme. However, credit is given for valid answers which go beyond the scope of the syllabus and mark scheme, referring to your Team Leader as appropriate
- marks are awarded when candidates clearly demonstrate what they know and can do
- marks are not deducted for errors
- marks are not deducted for omissions
- answers should only be judged on the quality of spelling, punctuation and grammar when these features are specifically assessed by the question as indicated by the mark scheme. The meaning, however, should be unambiguous.

GENERIC MARKING PRINCIPLE 4:

Rules must be applied consistently e.g. in situations where candidates have not followed instructions or in the application of generic level descriptors.

GENERIC MARKING PRINCIPLE 5:

Marks should be awarded using the full range of marks defined in the mark scheme for the question (however; the use of the full mark range may be limited according to the quality of the candidate responses seen).

GENERIC MARKING PRINCIPLE 6:

Marks awarded are based solely on the requirements as defined in the mark scheme. Marks should not be awarded with grade thresholds or grade descriptors in mind.



https://xtremepape.rs/

| Marks | Description |
|---|---|
| **22–25** | Exceptional work. Excellent ability to organise material, thorough knowledge, considerable sensitivity to language and to author's intentions, understanding of some literary techniques. Really articulate and intelligent answers should be considered in this band even if there are still flaws and omissions. |
| **20–21** | Very good. Close attention to detail of passages, controlled structure, perceptive use of illustration, good insight when discussing characters. Ability to look beyond the immediate material and to show some understanding of author's intentions and of underlying themes. |
| **18–19** | Thoroughly solid and relevant work. Candidate does not simply reproduce information: can discuss and evaluate material and come to clear conclusion. Good focus on passages. Some limitations of insight but coherent, detailed approach and aptly chosen illustrations. |
| **16–17** | Painstaking. Sound knowledge of texts; mainly relevant. Some attempt to analyse and compare, some sense of understanding. Possibly not in full control of material; solid but indiscriminate. Many very conscientious candidates fall into this category: they tend to write far too much as they are reluctant to leave out anything they have learnt. Focused, coherent essays which lack really solid detail but convey a good understanding of the text should also be considered for this band. |
| **14–15** | Fair relevance and knowledge. Better organised than work in the 12–13 band: the candidate probably understands the demands of the question without being able to develop a very thorough response. Still a fairly simple, black and white approach. Some narrative and 'learnt' material but better control and focus than work in the 12–13 band. Many candidates probably fall into this category. |
| **12–13** | Sound, if simple and superficial, knowledge of plot and characters. Makes assertions without being able to illustrate or develop points. Probably still too dependent on narrative and memorised oddments but there may be a visible attempt to relate these to the question. Can extract one or two relevant points from a set passage. |
| **10–11** | Some very basic material but not much sense of understanding or ability to answer the question. The candidate rarely reads the set passage but uses it as a springboard for storytelling and memorised bits and pieces about characters. Very general, unspecific approach. Random, bitty structure. Signs of organisation and relevance should be looked for in case the answer can be considered for a mark in the 12–13 band. |
| **6–9** | Marginally more knowledge here than in the 0–5 band. The candidate may have read the text but is probably unable to see beyond the barest bones of the plot or half-remembered notes. Insubstantial; very little relevance. The candidate may have problems with the language and will be unable to express ideas comprehensibly. |
| **0–5** | No discernible material. Often very inadequate language. Marks in this section are awarded almost on the basis of quantity: up to 3 for a sentence or two showing a glimpse of knowledge, 4 or 5 where there is also a hint of relevance to the question. It is possible for a candidate to write a whole page demonstrating no knowledge at all (have they read the book?), or only misunderstood background facts or very vague general remarks unrelated to either text or question. |



https://xtremepape.rs/

Indicative content

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| | **भाग 1** | |
| 1 | **सूरसागर सार – सूरदास और श्रीरामचरितमानस – तुलसीदास** | |
| 1(a) | प्रस्तुत पद 'सूरसागर' के 'गोपी उद्धव संवाद' से उद्धृत है। महाकवि सूरदास का नाम हिंदी साहित्य में सगुणोपासक भक्तकवि के रूप में प्रसिद्ध है। कृष्ण के विरह में व्याकुल गोपियों को निर्गुण ब्रह्म की उपासना का संदेश देने के लिए उद्धव को ब्रज में भेजने के पीछे कृष्ण का उद्देश्य निर्गुण साधना की दुर्गमता और सगुणोपासना की सहजता की प्रतिष्ठा करना है । निराकार ब्रह्म के साधक उद्धव को प्रेममार्ग की पुजारिन गोपियों के पास भेजकर उनका हृदय परिवर्तन करना ही उनका उद्देश्य है। ब्रज में गोपियों को कृष्ण-विरह में व्याकुल देखकर उद्धव उन्हें निर्गुण ब्रह्म की साधना करने का उपदेश देते हैं, किंतु कृष्ण के प्रेमरस में सराबोर गोपियों को उद्धव का दिया योगज्ञान अत्यंत निस्सार लगता है। उनके दिये ज्ञानमार्ग के उपदेश का उपहास करते हुए वे आपस में वार्तालाप करती हैं कि हे चतुर सखियों सबकी सब आकर ऐसे मधुर उपदेश को सुनकर यश का टीका लो अर्थात यश की भागी बनो। 'मधुर उपदेश' और 'देन आए ऊधौ मत नीकौ' में गोपी का व्यंग्य अभिव्यक्त है और अगली पंक्ति गोपी के कथन, 'सिखवत निरगुन फीकौ' में यह और भी स्पष्ट हो जाता है कि वास्तव में उद्धव का उपदेश 'मधुर' नहीं नितांत फीका है। कृष्ण के प्रेम रस में अनुरक्त गोपियाँ 'फीके निरगुन' की साधना क्यों करेंगी? उद्धव तो वस्त्र, आभूषण घरबार और स्नेह सभी का परित्याग करके उसकी जगह सिर पर जटा, शरीर में भस्म तथा फीके निर्गुण में मन लगाने की सीख दे रहे हैं। गोपियों को लगता है कि उद्धव उन्हें ज्ञान और योग का उपदेश देकर उनके पति स्वरूप श्रीकृष्ण से विरक्त करके दुःख देना चाहते हैं। युवतियों को इस प्रकार दुःख देने के कारण गोपियों के श्राप से उनका शरीर काला पड़ गया है तब भी वे भयभीत नहीं होते हैं। सूरदास कहते हैं कि जिसका जो स्वभाव होता है, उसे भले-बुरे की पहचान नहीं होती और अपना स्वभाव भी नहीं बदल पाता है जैसे साँप को यदि अमृत भी चखा दो, उसका मुख विषाक्त ही रहेगा। उद्धव की तुलना सर्प से करने के पीछे गोपियों का आशय यह है कि सर्प स्वभाव-वश डसता है, उद्धव के कथन गोपियों को विष के डंक के समान चुभते हैं। उद्धव श्रीकृष्ण के सगुण रूप की उपासना का अमृतपान करने में असमर्थ हैं। अन्यत्र भी<br>'ऊधौ! तुमहुँ सुनौ इक बात<br>जो तुम करत सिखावत सों हमैं नाहिन नेकु सुहात' तथा<br>'ऊधौ हमैं जोग नहिं भावै<br>चित में बसत स्याम घन सुंदर सो कैसे बिसरावै?' द्वारा उनकी मान्यता की पुष्टि हुई है। | **25** |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 1(a) | सूरदास यह मानते थे कि कृष्ण परब्रह्म, निर्गुण, अद्वैत और गुणातीत है\| किंतु यह जानते हुए भी  उन्होंने भगवान के सगुण रूप की उपासना को ही श्रेय दिया क्योंकि निर्गुण की उपासना अत्यंत दुष्कर है:<br>'अबिगत-गति कछु कहत न आवै।....<br>सब बिधि अगम बिचारहिँ तातैँ सूर सगुन-पद गावै।'<br>में उनकी सगुणोपासना की सुगम्यता के प्रति आस्था परिलक्षित होती है। निर्गुण साधना की नीरसता और उसके अनुसरण की कठिनाइयों को गोपियों की स्वाभाविक वाकपटुता और व्यंग्य के माध्यम से व्यक्त कर सूरदास ने कृष्ण के प्रति अपने अनन्य प्रेम एवं उनके सगुण रूप की भक्ति की श्रेष्ठता की अत्यंत सफलता पूर्वक पुष्टि की है। | |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 1(b) | रामचरित मानस एक चरित काव्य है जिसमें तुलसीदास ने अपने आराध्य श्रीराम के सम्पूर्ण जीवन का वर्णन किया है। राम चरित लिखते समय तुलसी उनके अलौकिक रूप का प्रतिपल स्मरण कराते हैं। तुलसीदास राम भक्त पहले और महाकवि बाद में हैं। अपने आराध्यदेव के अलौकिक रूप का वर्णन करने का कोई भी अवसर नहीं चूकते हैं। श्री राम के चरित्र का गान करने का उद्देश्य उनके अलौकिक रूप की प्रतिष्ठा करना है। सुंदरकाण्ड में मंदोदरी-रावण संवाद और विभीषण-रावण संवाद में यह प्रतिपादित हुआ है।<br>रावण के अनाचार एवं अत्याचार से त्रस्त पृथ्वी को राक्षसों से मुक्त करने के लिए हरि दशरथ पुत्र राम के रूप में अवतरित हुए। सुंदरकाण्ड में मंदोदरी-रावण संवाद एवं विभीषण-रावण संवाद द्वारा तुलसीदास ने अपने आराध्य के अलौकिक रूप की महिमा का गान किया है। वानर सेना के समुद्र-पार पहुँच जाने की सूचना से रावण की पत्नी मंदोदरी रावण से प्रार्थना करती है कि वे श्रीहरि से विरोध ना करके सीता को वापस लौटा दें। वह रावण को राम की अलौकिक क्षमता का स्मरण दिलाकर कहती है कि जिनके दूत की करनी का स्मरण करने मात्र से राक्षसों की स्त्रियों के गर्भ गिर जाते हैं ऐसे प्रभु से वैर करना अनुचित है। किंतु दम्भी रावण पर इस सीख का विपरीत ही प्रभाव  होता है। राक्षस का दम्भ मंदोदरी को आश्वस्त नहीं कर पाया, उसे लगता है कि विधाता प्रतिकूल हैं इसीलिए रावण उसकी चेतावनी को नकार रहा है। शत्रुसेना के आने की सूचना पर राजदरबार में  विभीषण आए और उन्होंने भाई के चरणों में सिर नवाया। फिर आज्ञा पाकर वे बोले – 'हे कृपालु जब आपने मुझसे राय पूछी है, तो हे तात मैं अपनी बुद्धि के अनुसार आपके हित की बात कहता हूँ। जो मनुष्य अपना कल्याण, सुंदर यश, सुबुद्धि, शुभ गति और नाना प्रकार के सुख  चाहता हो, वह हे स्वामी! परस्त्री के ललाट को चौथ के चंद्रमा की तरह त्याग दे अर्थात् जैसे लोग चौथ के चंद्रमा को नहीं देखते हैं, उसी प्रकार परस्त्री का मुख नहीं देखे।' विभीषण के कथन में काम, क्रोध, मद और लोभ को नरक का रास्ता बताया गया है। इनका परित्याग करके श्री रामचंद्र जी को भजने की प्रेरणा में तुलसी की भक्ति-भावना के दर्शन होते हैं। विभीषण का कथन कि राम मनुष्यों के राजा ही नहीं हैं, वे समस्त लोकों के स्वामी और काल के भी काल हैं। वे सम्पूर्ण ऐश्वर्य, यश, श्री, धर्म, वैराग्य एवं ज्ञान के भण्डार भगवान हैं, वे निरामय (विकाररहित), अजन्मा, व्यापक, अजेय, अनादि और अनंत ब्रम्ह हैं: | **25** |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 1(b) | ‘तात राम नहिं नर भूपाला। भुवनेश्वर कालहु कर काला’ तथा<br>‘ब्रम्ह अनामय अज भगवंता।ब्यापक अजित अनादि अनंता’, में तुलसीदास ने राम के अलौकिक स्वरूप की प्रशस्ति की है। विभीषण कहते हैं कि राम ने पृथ्वी, ब्राम्हण, गौ और देवताओं का हित करने के लिए मनुष्य शरीर धारण किया है। वे दुष्टों का विनाश तथा वेद और धर्म की रक्षा करने के लिए पृथ्वी पर अवतरित हुए हैं। कृपालु राम जिस पर अनुकूल होते हैं उसे तीनों प्रकार के भवशूल- आधिदैविक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक, नहीं व्यापते। यह प्रसंग महाकवि तुलसीदास के राम के अलौकिक स्वरूप और मनुष्य के रूप में जन्म लेने के उद्देश्य को रेखांकित करता है। | |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 2 | **प्रसाद निराला महादेवी पंत की श्रेष्ठ रचनाएँ** | |
| 2(a) | छायावाद के प्रमुख कवि सुमित्रानन्दन पंत की 'दो लड़के' कविता छायावाद की अभिव्यंजना शैली में मानवतावादी विचारधारा की प्रभावशाली अभिव्यक्ति है। नंददुलारे वाजपेयी के अनुसार, 'नयी छायावादी काव्यधारा का एक आध्यात्मिक पक्ष है, किंतु उसकी मुख्य प्रेरणा धार्मिक न होकर मानवीय और सांस्कृतिक है। उसे हम मानवीय प्रगति की प्रतिक्रिया भी कह सकते हैं।' 'दो लड़के' कविता वाजपेयी जी के इस कथन का श्रेष्ठ उदाहरण है। इस वर्णनात्मक कविता में पंत जी ने एक साधारण सी दिखने वाली घटना को अपनी मानवतावादी दृष्टि से प्रस्तुत किया है। अपने घर के टीले पर आकर बैठने वाले छोटे, नंगे तन, गदबदे शरीर और साँवले रंग वाले, फुर्तीले दो लड़कों को कूड़े के ढेर से सिगरेट के खाली डिब्बे, चमकीली पन्नी, फीतों के टुकड़े, मासिक पत्रों के कवर आदि जैसी बेकार की चीजों को चुनकर खुश होते देख कवि का हृदय करुणा से द्रवित हो जाता है। 'मानव के नाते उर में भरता अपनापन' द्वारा उन अभावग्रस्त बच्चों के साथ कवि समानुभूति साझा करने के साथ ही उनके लिए मनुजोचित साधन उपलब्ध करने की आकांक्षा व्यक्त करता है। कवि का विश्वास है कि जब संसार में सभी जीवों की ज़रूरतें पूरी होंगी तभी इस धरती पर स्वर्ग़ बन सकेगा।<br>पंत जी के अनुसार 'कवि केवल एक बाजीगर नहीं है - स्वतंत्र चेतना का वाहक द्रष्टा है। 'दो लड़के' कविता मानवता की शाश्वत चेतना का श्रेष्ठ उदाहरण है।<br>प्रस्तुत कविता में पंत के सचेतन जीवन अनुभव और चिंतन की सजगता के दर्शन होते हैं। एक साधारण से लगने वाले यथार्थ विषय को कवि ने कलात्मक बिम्बों से समृद्ध भाषा में मानवतावादी सहृदयता के दर्शन की मार्मिक अभिव्यक्ति की है। पंत जी के शब्दों में, 'मानवता के स्वर्ग को मैंने भौतिकता के हृदय कमल में स्थापित किया है।'<br>उत्तर में कविता के भावार्थ सहित दलित शोषित मानवता के प्रति बौद्धिक सहानुभूति के बारे में लिखना अपेक्षित है। | **25** |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 2(b) | छायावाद के कवियों में जयशंकर प्रसाद का प्रमुख स्थान है। प्रसाद गहन अनुभूति के कवि हैं और उनकी कविता की भाषा आंतरिक अनुभूति की गहनता को वहन करने में पूर्णत: सक्षम है। प्रसाद के  अनुसार, 'जब वेदना के आधार पर स्वानुभूतिमयी अभिव्यक्ति होने लगी तब हिंदी में उसे छायावाद नाम से अभिहित किया गया।' अभिव्यंजना की विशेष प्रणाली और प्रतीक विधान उसे द्विवेदी युग की इतिवृत्तात्मकता और स्थूल आदर्शवादी काव्यधारा से भिन्न करती है। जयशंकर प्रसाद ने खड़ीबोली के खुरदुरे स्वरूप को मधुरता, शब्दचयन, अभिव्यक्ति की लाक्षणिकता, चित्रमयता और नूतन प्रतीक विधान से समृद्ध किया। उनकी भाषा भाव, शैली, छंद, अलंकार सभी दृष्टियों से द्विवेदी युग की भाषा से भिन्न है। इसमें वस्तुनिरूपण की अपेक्षा अभिव्यक्तिनिरूपण की प्रमुखता है।<br>प्रसाद की भाषा की विशेषता के उदाहरण:<br>अमूर्त भावों को शब्द-छबि, के रूप में अंकित करना,-  'हे लाज भरे सौन्दर्य बता दो मौन बने रहते हो क्यों?'<br>अनुप्रास, -'तुम कनक किरण के अंतराल में'<br>रूपक,- 'यौवन के घन'<br>उपमा,- 'मधु सरिता सी यह हँसी तरल'<br>ध्वन्यात्मकता,- 'कलकल ध्वनि की गुंजारों में'<br>लाक्षणिकता,- बेला विभ्रम की बीत चली,<br>रजनीगंधा की कली खिली'<br>प्रतीकात्मकता,- 'ले चल मुझे भुलावा देकर,<br>मेरे नाविक! धीरे-धीरे'<br>प्रकृति का मानवीकरण,- जिस निर्जन में सागर लहरी।<br>अम्बर के कानों मे गहरी -<br>निश्छल प्रेम कथा कहती हो,<br>तज कोलाहल की अवनी रे'<br>आदि के उदाहरण सहित प्रसाद की भाषा के सौष्ठव और विषय-अनुकूलता पर टिप्पणी अपेक्षित है।<br>[भाषा की विशेषता के लिए 15 अंक और समुचित उदाहरण के लिए 10 अंक] | **25** |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 3 | **मैथिलीशरण गुप्त - भारत-भारती** | |
| 3(a) | प्रस्तुत काव्यांश मैथिलीशरण गुप्त की 'भारत-भारती' के 'वर्तमान खण्ड' से लिया गया है।<br>गुप्त जी की राष्ट्र-प्रेम की भावना के कारण उन्हें राष्ट्र कवि की उपाधि दी गई।<br>'भारत-भारती' की प्रेरणा तत्कालीन हिन्दी साहित्य में एक बहुत बड़ी कमी को पूरा करने के लिए हुई थी। स्वयं गुप्त जी के शब्दों में, 'हिन्दी में अभी तक इस ढंग की कोई कविता पुस्तक नही लिखी गई जिसमें हमारी प्राचीन उन्नति और अर्वाचीन अवनति का वर्णन भी हो और भविष्यत् के लिए प्रोत्साहन भी।' गुप्त जी ने इस अभाव की पूर्ति के उद्देश्य से प्रेरित हो इसकी रचना की, 'भगवान भारतवर्ष में गूंजे हमारी भारती' में उनकी राष्ट्रीयता की भावना अभिव्यक्त है। 'भारत-भारती' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रथम खण्ड 'अतीत खण्ड' है जिसमें गुप्त जी ने भारतवर्ष के स्वर्णिम अतीत का गुणगान किया है। द्वितीय खण्ड 'वर्तमान खण्ड' है जिसमे देश की वर्तमान अवनत दशा पर क्षोभ एवं संताप की अभिव्यक्ति है। अंत में 'भविष्यत् खण्ड' के अंतर्गत कवि भारतीय समाज को उद्बोधित कर उसे अपने स्वर्णिम अतीत का स्मरण कराके पुन: उन्नति के मार्ग पर प्रशस्त होने की प्रेरणा देता है। उत्तर में कविता का भावार्थ और उसके पीछे गुप्त जी के संदेश पर टिप्पणी अपेक्षित है। कवि ऋषियों की पुण्यभूमि में अविद्या और अज्ञान का प्रसार देखकर क्षुब्ध है और उनसे मुक्ति पाने के लिए एकबार फिर से श्रीराम को अवतार लेने को उद्बोधित करता है। वर्तमान अधोगति का चित्रण करने के पीछे कवि का उद्देश्य भारतवासियों को अविचार, अन्धाचार और व्यभिचार की मोहनिद्रा से जगा कर भविष्य का मार्ग प्रशस्त करना है। | **25** |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 3(b) | मैथिलीशरण गुप्त की प्रसिद्ध रचना 'भारत-भारती' ने हिंदी-भाषियों में अपनी जाति और देश के प्रति गौरव की भावना जगाई। वे भारतीय संस्कृति के प्रवक्ता हैं। इसमें गुप्त जी ने भारत के स्वर्णिम अतीत का गुणगान और वर्तमान अवनति का चित्रण करते हुए भविष्य के उत्थान की प्रेरणा प्रदान की है। राष्ट्रीयता की चेतना जगाने में 'भारत-भारती' का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। गुप्त जी को इस बात की बहुत ग्लानि थी कि "जो आर्य जाति कभी सारे संसार को शिक्षा देती थी वही आज पद -पद पर पराया मुँह ताक रही है।' देशवासियों को उन्नति और आत्मनिर्भरता की प्रेरणा देने के लिए आवश्यक था कि उन्हें अतीत भारत के स्वर्णिम इतिहास और वर्तमान अधोगति से अवगत कराया जाए। स्वयं गुप्त जी के शब्दों में 'हम कौन थे क्या हो गये हैं और क्या होंगे अभी, आओ विचारें आज मिलकर वे समस्याएँ सभी', 'भारत-भारती' की केंद्रीय भावना है।<br>अतीत और वर्तमान के अंतर को स्थापित करने के लिए उन्होंने दोनों के वैपरीत्य को अतीत खण्ड एवं वर्तमान खण्ड के अंतर्गत वर्णित किया है। उनका उद्देश्य एक ऐसी रचना करना था जिसमें, 'हमारी प्रचीन उन्नति और अर्वाचीन अवनति का वर्णन भी हो और भविष्यत् का प्रोत्साहन भी।'<br>'अतीत खण्ड' में भारतवर्ष के प्राचीन गौरव की प्रशस्ति है। भारतवर्ष ऋषियों की भूमि है जहाँ हिमालय के उत्तुंग शिखर हैं और पावन जलदायिनी गंगा प्रवाहित होती हैं। भारतवर्ष का इतिहास संसार के सभी देशों के इतिहास से पुराना है। गुप्त जी अपनी इस मान्यता की पुष्टि के लिए प्रसिद्ध इतिहासकार टाड को उद्धृत करते हैं जिनके अनुसार, 'आर्यावर्त के अतिरिक्त और किसी भी देश में सृष्टि के आरम्भ का हिसाब नहीं पाया जाता। इससे आदि सृष्टि यहीं हुई, इसमें संदेह नहीं।' कवि भारत-वासियों की वीरता, आदर्श, विद्या-बुद्धि, कला-कौशल, सभ्यता-संस्कृति, साहित्य-दर्शन एवं आदर्श स्त्री पुरुषों का गुणगान करता है:<br>'उन पूर्वजों की कीर्ति का वर्णन अतीव अपार है,<br>गाते नहीं उनके हमीं गुण गा रहा संसार है।'<br>इसके विपरीत "वर्तमान खण्ड" में वर्तमान अधोगति के वर्णन के पीछे कवि का क्षोभ व्यक्त हुआ है। जहाँ अतीत भारत में काव्य, संगीत, कला और दर्शन का उत्कर्ष था, वर्तमान भारत में उन सभी का अपकर्ष कवि की राष्ट्रीयता की भावना को संतप्त करता है:<br>'छाई अविद्या की निशा है, हम निशाचर बन रहे;<br>हा! आज ज्ञानाभाव से वीभत्स रस में सन रहे।<br>'भारत! तुम्हारा आज यह कैसा भयंकर वेष है?<br>है और सब नि:शेष केवल नाम ही अब शेष है!' | 25 |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
| --- | --- | --- |
| 3(b) | साहित्य, संगीत, धर्म, दर्शन आदि के क्षेत्र में हुई अवनति, युवावर्ग की विलासिता, तीर्थ-स्थलों और मंदिरों की दुर्गति तथा स्त्रियों की दुर्दशा का वर्णन जनमानस को जागृत करके अधोपतन की दशा से निवृत्त कराने के उद्देश्य से किया गया है। वे तामसिक विचारों में डूबे भारतवासियों को दिशा निर्देश करते हुए उन्हें उद्‌बोधित करते हैं, 'अब भी समय है जागने का देख' में उनकी भविष्य के प्रति आस्था एवं, 'क्या साम्प्रदायिक भेद से है ऐक्य मिट सकता अहो!' में एकराष्ट्र की परिकल्पना है। अंत में 'भगवान भारतवर्ष में गूंजे हमारी भारती' द्‌वारा वे भारतवासियों के लिए स्वर्णिम भविष्य की कामना करते हैं।<br>अपने स्वर्णिम इतिहास से प्रेरणा लेना हर युग की आवश्यकता होती है। इस दृष्टि से 'भारत-भारती वर्तमान युग में भी उतनी ही सटीक है जितनी गुप्त जी के रचनाकाल में थी। | |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| | **भाग 2** | |
| 4 | **आधे-अधूरे - मोहन राकेश** | |
| 4(a) | मोहन राकेश का नाटक 'आधे-अधूरे' आज के जीवन के एक गहन अनुभव-खंड को मूर्त करता है\| यह नाटक मानवीय संतोष के अधूरेपन का रेखांकन है\| नाटक के पात्र – सावित्री, महेन्द्रनाथ, बड़ी बेटी बीना, छोटी बेटी बिन्नी और बेटा अशोक सभी मानवीय कमज़ोरियों से पूर्ण और नितांत परिचित लगते हैं\| नाटक के प्रारम्भ में सूत्रधार का कथन,'"सड़क के फुटपाथ पर चलते आप अचानक जिस आदमी से टकरा जाते हैं, वह आदमी मैं हूँ", नाटक पर नितांत ख़रा उतरता है\| रंगमंच के निर्देश द्वारा भी नाटककार मध्य-वित्तीय स्तर से ढहकर निम्न-मध्य-वित्तीय स्तर के घर का वातावरण निर्मित करता है जहाँ "एक चीज़ का दूसरी चीज़ से रिश्ता लगभग टूट चुका है... गद्दे, परदे, मेज़पोश और पलंगपोश अगर हैं तो इस तरह घिसे, फटे या सिले हुए कि समझ में नहीं आता कि उनका न होना क्या होने से बेहतर नहीं था?" मंच सज्जा का इस तरह से घिसापिटा होना और 'घर की हर एक चीज़ का दूसरी से रिश्ता टूटना', पात्रों के पारस्परिक सम्बन्धों के बिखराव का पूर्व संकेत देता है। घर के फर्नीचर की तरह उस घर का प्रत्येक प्राणी श्रीविहीन, निष्प्रभ, अधूरेपन से ग्रस्त एवं एक दूसरे से कटा हुआ है। सावित्री के चरित्र में आधुनिक मध्यवर्गीय नारी के जीवन की विडम्बना के दर्शन होते हैं\| नाटक में सावित्री की चार भूमिकाएँ हैं\| वह एक स्त्री, पत्नी, माँ और प्रेमिका है। वह इन चारों भूमिकाओं में सामंजस्य नहीं बैठा पाती है। फलत: इनमें से वह किसी भी भूमिका का निर्वाह सफलता पूर्वक नहीं कर पाती है। परिवार में आर्थिक समस्याओं एवं पारस्परिक सामंजस्य के अभाव से जूझती हुई सावित्री ना तो सफल पत्नी बन पाई, ना ही सफल प्रेमिका! एक सफल माँ तो वह है ही नहीं। गृहस्थी के आर्थिक उत्तरदायित्व को अकेले सम्हालने के संघर्ष में उलझी हुई सावित्री स्त्रीत्व के नैसर्गिक गुणों – ममता, कोमलता, मधुरता आदि को कहीं खो बैठी है।<br>सावित्री में सबसे बड़ी कमी यह है कि वह स्वयं अधूरी स्त्री होकर भी एक संपूर्ण पुरुष की तलाश में है। पति महेन्द्रनाथ की अकर्मण्यता से तिक्त होने के परिणाम स्वरूप उसके प्रति उसका व्यवहार तिरस्कार और कटुता भरा है जिसे वह छिपाने का प्रयत्न तक नहीं करती है। उसके संवाद उसकी हताशा और ख़ीज ज़ाहिर करते हैं। घर आने पर उसे घर की स्थिति,"रोज़ आने पर पचास चीज़ें यहाँ-वहाँ बिखरी मिलती हैं"से शिकायत, जो कि असल में जगमोहन से है, व्यक्त होती है। पति-पत्नी के सम्बन्धों में गहरी दरार उत्पन्न करके एक ऐसी दमघोंटू स्थिति का वातावरण बन जाता है जिससे पूरा परिवार पीड़ित है। मोहन राकेश ने नाटक में इसका मनोवैज्ञानिक चित्रण अत्यंत सजीवता और तीव्रता के साथ किया है। | **25** |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 4(a) | अपनी संतान के लिए सावित्री एक आदर्श माँ नहीं बन पाई, बड़ी बेटी मनोज रूपी हमदर्द को पाते ही घर से निकल भागी\| बेटा पत्रिकाओं से अभिनेत्रियों की तस्वीरें काटता हुआ इस मौके की तलाश में है, जब वह यहाँ से निकल सकेगा। अपने भविष्य के लिए उसके पास ना कोई योग्यता है ना आकांक्षा। छोटी लड़की माता, पिता, भाई, बहन – किसी के भी प्रति लगाव नहीं अनुभव करती है।<br>उसके मन में सबके प्रति एक कड़ुआहट और आक्रोश है और वह उम्र से पहले ही 'बड़ी' हो रही है।<br>सावित्री एक सफल प्रेमिका बनने में भी असमर्थ है। सिंहानिया के आने पर वह अपने बेटे के लिए नौकरी की समस्या की ही चिंता करती है। उसके जीवन की त्रासद स्थिति को मोहन राकेश ने अत्यंत सक्षम शैली में प्रामाणिकता प्रदान की है\| पति महेंद्रनाथ अकर्मण्य और ज़िंदगी से हारा हुआ है। बड़ी लड़की बीना अपने वैवाहिक जीवन से असंतुष्ट है। इस प्रकार सभी पात्रों के माध्यम से मोहन राकेश ने मानवीय असंतोष और पारिवारिक सम्बन्धों के अधूरेपन को रेखांकित किया है। जो लोग जीवन से बहुत कुछ अपेक्षा रखते हैं, उनकी तृप्ति अधूरी ही रहती है। नाटक के इस केंद्रीय भाव को मोहन राकेश ने अत्यंत सशक्त एवं प्रभावशाली रूप से सम्प्रेषित किया है। | |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 4(b) | 'आधे-अधूरे' नाटक में मोहन राकेश ने पारिवारिक संबंधों के विघटन की त्रासदी जैसे जटिल और संवेदनशील विषय को अत्यंत सशक्त रूप से अभिव्यक्त किया है। नाटक की कथावस्तु जीवन के अधूरेपन को पारिवारिक सम्बंधों के विघटन के माध्यम से प्रस्तुत करने में सक्षम है। इस परिवार का हर सदस्य एक-दूसरे से कटा हुआ है। घर की हवा तक में उस स्थायी तल्खी की गन्ध है जो बड़ी बेटी, बिन्नी और अशोक के मन में- ऊब, घुटन, आक्रोश, विद्रूप - दम घोंटनेवाली मनहूसियत के रूप में भरी हुई है। नाटक की भूमिका में पात्रों के परिचय से यह स्पष्ट है। मोहन राकेश के अनुसार, बड़ी बेटी में 'संघर्ष का अवसाद', और व्यक्तित्व में 'बिखराव' है। छोटी लड़की के 'भाव, स्वर, चाल हर चीज़ में विद्रोह है' लड़के के 'चेहरे से झलकती है ख़ास तरह की कड़वाहट।' भाई बहन में परस्पर संवाद केवल अपना आक्रोश और असंतोष व्यक्त करने के लिए होता है। उनमें परस्पर जोड़ने वाले स्नेहसूत्र का नितांत अभाव है। वे अपने जन्म की परिस्थितिवश भले ही एक परिवार में पैदा हुए हैं, उनमें आपसी सामंजस्य है ही नहीं। उनके आपसी सम्बन्ध का अधूरापन घर को एक सुखी परिवार के रूप में स्थापित करने के मिथक को झुठलाता है। मोहन राकेश ने पात्रों की मन:स्थिति और संवेदनाओं की टकराहट को तीव्रता से प्रस्तुत किया है। वे तीनों अतृप्त, असंतुष्ट, कुंठित क्रुद्ध और आतंकित हैं। इस अभिशप्त परिवार का हर एक सदस्य एक दूसरे से कटा हुआ है, घर की त्रासदायक हवा से वे अपने और एक दूसरे के लिए ज़हरीले हो रहे हैं। बड़ी लड़की मनोज रूपी हमदर्द को पाते ही घर से भाग निकली, पर उसके असंतोष ने तब भी उसका पीछा नहीं छोड़ा। अधूरेपन और असंतोष की बेचैनी घर में नहीं बल्कि स्वयं उसके मन में है जिससे छुटकारा पाना संभव नहीं। लड़का, अशोक बेकार और दिशाहीन है। नौकरी की तलाश करने के बजाय वह पत्रिकाओं से अभिनेत्रियों की रंगीन तस्वीरें काटता हुआ इस इंतज़ार में है जब वह भी यहाँ से भाग सकेगा। अपने पिता के लिए उसके मन में करुणा है, मन ही मन उसे अपने पिता के बेचारेपन में अपना भविष्य दिखलाई देता है, और माँ के लिए केवल आक्रोश। वह बड़ी बहन के मनोज के प्रति प्रेम को केवल घर से निकलने का जरिया भर मानता है। क्योंकि प्रेम जैसी उदात्त भावना का उसके मन में अस्तित्व ही नहीं। छोटी लड़की माता, पिता, भाई, बहन - किसी के प्रति लगाव नहीं अनुभव करती। अपनी छोटी-छोटी आवश्यकताओं के पूरा ना होने पर 'कैंची की तरह जुबान चलाती है।' यौन सम्बन्धों में दिलचस्पी लेकर वह उम्र से पहले ही 'बड़ी' हो रही है। इस तरह तीनों युवा पात्र युवा पीढ़ी के मोह-भंग, दिशाहीनता और अधूरेपन को मूर्त करते हैं।<br>पात्रों के कथन और आपसी टकराहट के विवरण सहित नाटक के विषाक्त एवं दमघोंटू वातावरण का उल्लेख अपेक्षित है। | 25 |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 5 | **आधुनिक कहानी संग्रह - सरोजिनी शर्मा** | |
| 5(a) | हिन्दी कथा साहित्य की परम्परा में जयशंकर प्रसाद का एक विशिष्ट स्थान है\| प्रसाद छायावाद युग के प्रमुख कवि होने के साथ-साथ नाटककार, उपन्यासकार, कहानीकार और निबंधकार भी हैं। साहित्य की इन सभी विधाओं की भाषा पर उनके कवित्व की गहरी छाप परिलक्षित होती है। यही कारण है कि उनकी कहानियों में गद्य की भाषा में भी कविता की सी लय और माधुर्य सहित कलात्मक प्रांजलता के दर्शन होते हैं।<br>'पुरस्कार' कहानी में उन्होंने ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में प्रेम और कर्तव्य के संघर्ष में प्रेम के बलिदान का आदर्श प्रतिष्ठित किया है। कथानक की ऐतिहासिकता के साथ पात्रों की मानसिकता के अनुकूल वातावरण का चित्रण इस कहानी की विशेषता और कलात्मक सफलता है।<br>उत्तर में कथानक का विवरण - कोशल के उत्सव में मगध के राजकुमार अरुण का कृषक कुमारी मधूलिका के प्रति आकर्षण, वीर सिंहमित्र की पुत्री मधूलिका का अपने पितृ-पितामह की भूमि के बदले में राजकीय मुद्रा अस्वीकार करना, राजकुमार का मधूलिका से प्रेम की अभिव्यक्ति, मगध से निष्कासित होने पर राजकुमार अरुण की मधूलिका से पुन: भेंट के वृत्तांत के साथ अरुण का कोशल पर आक्रमण करके एक स्वतंत्र राज्य की स्थापना के प्रयास में मधूलिका का सहयोग और अंत में अपने पिता सिंहमित्र द्वारा कोशल की रक्षा का स्मरण करने पर कोशल नरेश को होने वाले आक्रमण की सूचना देना, अरुण का बंदी होने पर प्राणदण्ड मिलना और राजा के मधूलिका से पुरस्कार मांगने पर मधूलिका का स्वयं अपने लिए प्राणदण्ड की याचना कर अरुण के पास जाकर खड़े होने के विवरण द्वारा कर्तव्य और प्रेम के द्वंद्व में मधूलिका का अपने व्यक्तिगत प्रेम को देश प्रेम के लिए उत्सर्ग करने का उल्लेख अपेक्षित है।<br>मधूलिका अरुण से प्रेम करती है, पर कोशल के प्रति उसकी कर्तव्य भावना के समक्ष वह अपने प्रेम का बलिदान देने से नहीं हिचकती है। उसके बाद उसके जीने का कोई उद्देश्य नहीं इसीलिए पुरस्कार में प्राणदण्ड की याचना करती है। कहानी की सफलता लेखक की संवेदना को पाठक तक सम्प्रेषित करके अभिभूत करना है। | **25** |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 5(b) | मन्नू भण्डारी की अधिकांश कहानियाँ नारी के एकाकीपन और उसकी व्यथा की संवेदनापूर्ण अभिव्यक्ति के लिए प्रसिद्ध हैं। 'रानी माँ का चबूतरा' कहानी मजदूर दरिद्र स्त्री गुलाबी की कथा है जो वाणी से कटु, हृदय की कोमल और नीयत की साफ थी। पति उसका शराबी है। अपने दोनों मासूम बच्चों को कोठरी में बंद करके मजदूरी के लिए जाती है। गाँव की स्त्रियाँ गुलाबी को निर्दय और निर्मम मानती हैं। गाँव में अपने बच्चे के लिए व्रत करके प्राण त्याग देने वाली एक रानी माँ का पवित्र चबूतरा है जिस पर सभी आसपास की महिलाएँ दीपक जलाने जाती हैं। गुलाबी इन सबसे अलग रहकर अपनी मजदूरी के काम में व्यस्त रहती है। सरकारी शिशु केंद्र खुलने पर स्वयं भूखी रहकर कुछ पैसे जुटाती है ताकि बच्चों को काम पर जाते समय कोठरी में बंद करके छोड़ने की जगह उन्हें शिशु केंद्र भेज सके। पर अंत में वह परिश्रम और भूख के संघर्ष से जूझती हुई प्राण त्याग देती है। गुलाबी के त्याग और रानी माँ के त्याग में साम्य है, दोनों ने अपने बच्चों के लिए प्राण त्यागे, पर रानी माँ की स्मृति में चबूतरा बना है जहाँ औरतें दिया जलाती हैं, गुलाबी का त्याग उससे कहीं अधिक बड़ा होने के बावज़ूद भुला दिया गया है।<br>मन्नू भण्डारी ने यातना और करुणा की मूर्ति, गुलाबी के स्वाभिमानी चरित्र और एकाकी संघर्ष को अत्यंत कुशलता से चित्रित किया है। गुलाबी का अपने बच्चों के प्रति प्रेम पर प्रश्नचिन्ह लगाने वाली पड़ोसनें उसके मर्म से अनभिज्ञ और त्याग से अप्रभावित भले ही हों वह पाठक की संवेदना को स्पर्श करने में सफल है। | **25** |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 6 | **मॉरिशसीय हिंदी कहानियाँ - सम्पादक : अभिमन्यु अनत** | |
| 6(a) | लोचन विदेशी की गणना मॉरिशस के प्रमुख लेखकों में की जाती है। 'कॅनफेशन' कहानी में लेखक ने जाक्सन के सिनेमा जाने के लिए टिकट के पैसे का इंतज़ाम करने के प्रसंग से धार्मिक संस्थाओं के ठेकेदार कहलाने वाले पादरी के चरित्र पर प्रश्नचिन्ह लगाया है। दूसरों से 'कॅनफेशन' लेने वाला पादरी स्वयं एक विवाहित स्त्री के साथ अवैध सम्बन्ध रखता है। सामाजिक विकृति के इस कटु सत्य को लेखक ने सांकेतिक रूप से चित्रित किया है। राजकपूर की फिल्म देखने को लालायित जाक्सन अपनी माँ और बहन की मिन्नतें करने के बावज़ूद टिकट के लिए पैसों की व्यवस्था न कर पाने पर पालतू खरगोश बेचने की कोशिश करता है। परिस्थितिवश उसका आमना सामना एक व्यक्ति से हुआ जो किसी विवाहित स्त्री के साथ पकड़े जाने के भय से छिपा हुआ है। उसके भेद को खोलने की धमकी देने पर वह व्यक्ति उसे खरगोश का मुँहमांगा दाम तो दे देता है, पर उसकी गरीब मां को असलियत मालूम होने पर बेटे की बेइमानी की कमाई स्वीकार्य नहीं। माँ के कहने पर कॅनफेशन करने के लिए चर्च जाने पर उसका साक्षात्कार उसी व्यक्ति से होता है जो कुछ समय पहले विवाहित स्त्री के पति के घर आजाने पर पकड़े जाने के भय से उसके साथ कमरे में छिपा था। इस समय वही व्यक्ति दूसरों के पापकर्म का कॅनफेशन लेने वाला पादरी है! कथानक की सफलता घटनाओं के वर्णन की सादगी के माध्यम से धार्मिक संस्था के भीतर पनपने वाले पाखण्ड और व्यभिचार को उघाड़ना है। जाक्सन की दरिद्र माँ व्यभिचारी पादरी की तुलना में कहीं अधिक ईमानदार और सम्मान की पात्र है। | **25** |
| 6(b) | भानुमती नागदान की 'एम. बी. ई.' कहानी में लेखिका ने उन सामाजिक मूल्यों पर प्रश्न चिन्ह लगाया है जिनके चलते समाज में वृद्धावस्था में मनुष्य की अवहेलना की जाती है। जैसे-जैसे व्यक्ति की आयु बढ़ती है उसकी उपयोगिता घटने से उसका अवमूल्यन होता जाता है। इस कटु यथार्थ का वर्णन सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए आए अकेले कथा नायक के द्वारा किया है। जो व्यक्ति अपनी युवावस्था में गाँव का मुखिया और सक्रिय समाज सेवक होने के कारण एम. बी. ई. की पदवी से सम्मानित हुआ, वही वृद्धावस्था में नितांत असहाय और अभावग्रस्त होकर अपने इलाज के लिए पैसे तक नहीं जुटा पा रहा। सामाजिक व्यवस्था के भीतर वृद्धों की सहायता करने की कोई गुंजाइश नहीं। कहानी के माध्यम से भानुमती ने इस सामाजिक समस्या की ओर ध्यान दिलाया है।<br>वृद्ध की मृत्यु के पश्चात समाचार पत्र में उसकी प्रशस्ति और उसके नाम के साथ एम. बी. ई. जोड़ा जाना वर्तमान सामाजिक विषमता पर करारा व्यंग्य है। कहानी का यथार्थबोध आधुनिक सामाजिक मूल्यों के खोखलेपन को निरावृत करके रख देता है और पाठक को दीर्घ काल तक अभिभूत करने में सक्षम है। यही इस कहानी की सफलता है। उत्तर में कथानक के विवरण सहित इसकी पुष्टि अपेक्षित है। | **25** |

© UCLES 2019

https://xtremepape.rs/